# Greenlawns School, Worli.

द्वितीय सत्रीय पुनरावलोकन (२०२५-२६)

कक्षा – सातवीं | विषय- हिंदी | पूर्णांक - ८०

दिनांक - १८/०२/२०२६ | समय -२ घंटे

सूचना:- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं।

विभाग 'अ' (अंक ४०)

भाषा – विभाग

प्रश्न. १) निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:- (१० )

i) हमारे राष्ट्रीय पर्व

ii) मेरी अविस्मरणीय यात्रा

iii) कंप्यूटर - आज की आवश्यकता

प्रश्न. २) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए:- (७)

अनन्या नाम की सातवीं कक्षा की छात्रा ----- मोबाइल और टीवी देखने की अधिक आदत ----- पढ़ाई के लिए समय न देना ----- परीक्षा में कम अंक आना ----- उदास और निराश होना ----- माता-पिता की चिंता ----- शिक्षिका द्वारा समझाना ----- समय-सारिणी (time table) बनाने की सलाह ----- नियमित पढ़ाई की शुरुआत ----- खेल और पढ़ाई में संतुलन ----- आत्मविश्वास में वृद्धि ----- अगली परीक्षा में सफलता ----- सीख।

प्रश्न. ३) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। पेड़-पौधे, नदी, पहाड़, हवा और मिट्टी – ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को बनाते हैं। हमें शुद्ध हवा, स्वच्छ पानी और भोजन पर्यावरण से ही मिलता है। यदि पर्यावरण स्वच्छ और संतुलित रहेगा, तो मनुष्य का जीवन भी स्वस्थ और सुखी रहेगा।

आज के समय में बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है। कारखानों का धुआँ, वाहनों से निकलने वाला धुआँ और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण को दूषित कर रहा है। इससे अनेक बीमारियाँ फैल रही हैं और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है।

पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, पानी की बचत करनी चाहिए और प्लास्टिक का कम उपयोग करना चाहिए। यदि हम आज पर्यावरण की रक्षा करेंगे, तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।

प्रश्न:-

i) पर्यावरण हमारे जीवन के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? (२)

ii) पर्यावरण को किन कारणों से नुकसान हो रहा है? (२)

iii) प्रदूषण का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? इसे रोकने के लिए आप क्या उपाय करेंगे? (२)

iv) पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें कौन-कौन-से उपाय करने चाहिए? (२)

v) लेखक ने भविष्य के बारे में क्या संदेश दिया है? और क्यों? (२)

## व्याकरण विभाग

प्रश्न ४) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:-

i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए- (२)

1) पुत्र - 2) प्रकाश –

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- (२)

1) सरल x 2) घृणा x

iii) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए- (२)

1) अच्छे चरित्रवाला व्यक्ति - 2) स्वयं सेवा करने वाला –

iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए (कोई २) (3)

1) रूह काँपना - 2) मुँह फुलाना - 3) सिर चढ़ना -

v) निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानकर भेद लिखिए - (२)

1) मैं तुम्हें लेकर ही जाऊँगा।

2) आप कब आए?

vi) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण छाँटकर भेद उनके लिखिए। (२)

1) थोड़ी चीनी चाहिए।

2) उन्हें तो नरम गद्दों पर भी नींद नहीं आती।

विभाग 'ब' (अंक ५०)

<u>साहित्य-विभाग</u>

प्रश्न ५-क] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (१२)

i) मुरली ने पागल हाथी को कैसे सुधारा?

ii) आत्मा का विकास क्या है? आत्मा की शिक्षा कैसे दी जा सकती है?

iii) ऐसी कौन - सी आदतें है जिसके कारण लोग बीमारयों का शिकार हो रहे हैं?

iv) मिजाज़ गर्म होने पर हाथी मोती क्या - करता था? प्रस्तुत कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

ख] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए:- (४)

i) हाथी से बचने के लिए राजा कहाँ गए?

ii) ख़ास से आम होने वाली बीमारी का क्या नाम है?

iii) हाथी के मन के भाव को पहचानने वाला कौन था?

iv) आश्रम में अक्षर ज्ञान के लिए कितने घंटे रखे गए थे?

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :- (३)

i) एक बार इसी पागलपन में उसने अपने ___________ को मार डाला।

ii) _________ ज्ञान कराना मुझे कठिन मालूम हुआ।

iii) _________ घंटे की पर्याप्त नींद लें, तथा तनावमुक्त रहें।

घ] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए:- (४)

i) पुरस्कार -

a) ईमान b) इनाम c) ईनाम d) इमान

ii) अचंभा -

a) अश्चर्य b) आषचर्य c) आश्चर्य d) आशचर्य

iii) ऊधम -

a) उत्पात b) उतपात c) उतपाथ d) उत्पाथ

iv) मानक -

a) मापदंड b) मापढण्ड c) माफदंड d) माफढण्ड

च) निम्नलिखित वाक्य सत्य है या असत्य पहचानकर लिखिए :- (२)

i) राजा साहब की सवारी का नाम शेरू था।

ii) आश्रम में दंड पाने वाला युवक था।

<u>कविता – विभाग</u>

प्रश्न ६-अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (६)

i) मक्खन की चोरी के आरोप से बचने के लिए कृष्ण ने क्या-क्या तर्क दिए?

ii) 'बनें आत्मनिर्भर, बनें आत्मनिर्भर', इस कविता में क्या संदेश दिया गया है?

आ] एक वाक्य में उत्तर लिखिए:- (२)

i) भोर होते ही गायों के पीछे कौन चला जाता था?

ii) हम ज्ञान की खान कब से हैं?

इ] निम्नलिखित कविता की पक्तियों पूर्ण कीजिए:- (४)

मैया मोरी!__________________________

____________________________________

____________________________________

____________________________________ बिधि पायो।

ई] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए:- (३)

i) सर्जना -

a) रचणा b) रछना c) रचन d) रचना

ii) कमरिया -

a) कंबल b) लाठी c) माखन d) भेद

iii) उर -

a) हृदय b) ऋदय c) रुदय d) हृद्धय

समाप्त